भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2164

08 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए

सेल का विलय

2164. श्री बसंत कुमार पंडा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इस्पात मंत्रालय के आउटकम बजट में किए गए उल्लेख के अनुसार वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने एनआईएनएल के साथ विलय और अधिग्रहण हेतु अपनी सहमति प्रकट की है; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): वित्तीय वर्ष 2015-16 के परिणामी बजट में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा जयपुर, ओडिशा में नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) में बड़े हिस्से की खरीद की संभावनाओं को तलाशा जाना दर्शाया गया था।

इसलिए सरकार ने 08.01.2020 को एनआईएनएल के रणनीतिक विनिवेश के लिए "सैद्धांतिक अनुमोदन" प्रदान कर दिया है।

****